रिपोर्ट

हिंदी विभाग द्वारा वसंतोत्सव और गणतंत्र दिवस पर विशेष आयोजन

वसंत का आगमन प्रकृति और जीवन में नवउल्लास के आगमन का सूचक है। हिंदी साहित्य में वसंत का खास स्थान रहा है। आदिकाल से लेकर आज तक वसंत ऋतु पर कविताएं होती रही हैं। साहित्य के विद्यार्थी के लिए इसलिए वसंत का आगमन सिर्फ एक प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृति–साहित्यिक घटना भी है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि हिंदी विभाग के विद्यार्थी वसंत ऋतु का स्वागत उत्साह से करें। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही हिंदी साहित्य सभा 25 जनवरी, 2023 को वसंत उत्सव और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर सर्वप्रथम विभागाध्यक्ष सुजाता तेवतिया ने वसंत और गणतंत्र पर अपने विचार प्रकट किये और कहा कि वसंत स्वतंत्रता का प्रतीक है और गणतंत्र और हमारा संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को यह स्वतंत्रता देता है। इसलिए गणतंत्र और वसंत एक दूसरे से अलग न होकर वास्तव में एक दूसरे से संबंधित हैं।

इस वसंतोत्सव के अंतर्गत विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कविता पाठ जैसी प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और 80 से

ज्यादा विद्यार्थी मौजूद थे।